रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीoईoएनo ०९/२०२५-7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 20/08/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** यदि कोई कार 10 m/s की चाल से 5 sec तक गति करती है, तो वह कितनी दूरी तय करेगी?

**Ans** A). 100 m B). 5 m C). 15 m D). 50 m

**Correct Answer: D**

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन तत्वों के अणुओं के संबंध में सही है?

**Ans** A). वे सदैव एकपरमाण्विक होते हैं। B). वे विभिन्न तत्वों के दो या अधिक परमाणुओं से बने होते हैं। C). वे केवल ठोस रूप में ही अस्तित्व में रह सकते हैं। D). वे एक ही तत्व के दो या अधिक परमाणुओं से बने होते हैं।

**Correct Answer: D**

**Q.3** एक विद्यार्थी 10 cm फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण से 20 cm की दूरी पर एक छोटी वस्तु (बिंब) रखता है। दर्पण सूत्र के अनुसार, प्रतिबिंब दूरी क्या होगी?

**Ans** A). दर्पण के सामने 15 cm B). दर्पण के पीछे 25 cm C). दर्पण के पीछे 10 cm D). दर्पण के सामने 20 cm

**Correct Answer: D**

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सा मिश्रण टिंडल प्रभाव प्रदर्शित करता है, परंतु स्थिर रखने पर इसके कण नीचे बैठ जाते हैं?

**Ans** A). निलंबन (Suspension) B). विलयन (Solution) C). यौगिक (Compound) D). कोलॉइड (Colloid)

**Correct Answer: A**

**Q.5** अम्ल और क्षारक के बीच अभिक्रिया से क्या उत्पन्न होता है?

**Ans** A). केवल जल B). हाइड्रोजन गैस और धातु C). लवण और जल D). केवल लवण

**Correct Answer: C**

**Q.6** कौन-सा कथन पारिस्थितिकी तंत्र में अपघटकों की भूमिका का सही ढंग से वर्णन करता है?

**Ans** A). वे वायुमंडलीय प्रदूषण बढ़ाते हैं B). वे प्रथम पोषी स्तर पर होते हैं C). वे सौर ऊर्जा को रासायनिक ऊर्जा में रूपांतरित करते हैं D). वे कार्बनिक पदार्थों को सरल अकार्बनिक पदार्थों में विघटित करते हैं

**Correct Answer: D**

**Q.7** कौन-सा अंग, लेखन या कुर्सी हिलाने जैसी स्वैच्छिक क्रियाओं के लिए पेशियों को संदेश भेजता है?

**Ans** A). फुफ्फुस B). आमाशय C). हृदय D). मस्तिष्क

**Correct Answer: D**

**Q.8** एक विद्यार्थी कोई ऐसा डिवाइस डिजाइन करना चाहता है जिसमें एक सीधे चालक (straight conductor) के कारण चुंबकीय क्षेत्र, किसी निश्चित बिंदु पर अधिकतम हो। उस बिंदु पर क्षेत्र तीव्रता बढ़ाने के लिए कौन-सा संशोधन सबसे प्रभावी होगा?

**Ans** A). अचुंबकीय तार सामग्री का उपयोग करना B). चालक के माध्यम से धारा में वृद्धि करना C). तार की मोटाई में वृद्धि करना D). चालक को क्षैतिज रखना

**Correct Answer: B**

**Q.9** **कैल्शियम कार्बोनेट को तप्त करने पर कैल्शियम ऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड उत्पन्न होते हैं; यह एक प्रकार की __________ है।**

Ans A). विस्थापन अभिक्रिया B). अपघटन अभिक्रिया C). योगज अभिक्रिया D). प्रतिस्थापन अभिक्रिया

Correct Answer: B

**Q.10** **एक प्राणीविज्ञानी एक ऐसे स्थिर जलीय जंतु का अवलोकन करता है जिसमें ऊतक विभेदन नहीं है, परंतु जल निस्यंदन कुशल है। यदि इस जंतु को स्थलीय परिवेश में रखा जाए, तो निम्नलिखित में से क्या होने की सर्वाधिक संभावना है?**

Ans A). उत्तरजीविता के लिए यह आद्र क्षेत्रों में चला जाएगा B). यह नमी को फंसाने के लिए स्पर्शकों का उपयोग करेगा C). यह शुष्कन से बचने के लिए अपने रंध्रों को बंद कर लेगा D). जल प्रतिधारण की अक्षमता के कारण यह जल-शुष्क हो जाएगा

Correct Answer: D

**Q.11** **निम्नलिखित में से क्या सीधे रुधिर में स्रावित होता है और शरीर के विभिन्न भागों तक पहुँचाया जाता है?**

Ans A). लार B). पित्त रस C). अग्न्याशयी रस D). अधिवृक्क स्राव

Correct Answer: D

**Q.12** **एक शहर वाहनों के उत्सर्जन के कड़े नियम लागू करता है, जिससे धूम और भू-स्तर ओज़ोन (ground-level ozone) का बनना कम हो जाता है। इस नीति से पृथ्वी के कौन-से मंडल सीधे प्रभावित होते हैं?**

Ans A). जलमंडल और जैवमंडल B). स्थलमंडल और जलमंडल C). वायुमंडल और जैवमंडल D). स्थलमंडल और वायुमंडल

Correct Answer: C

**Q.13** **निम्नलिखित में से किस तत्व की द्रव्यमान संख्या 40 और परमाणु संख्या 20 है?**

Ans A). कैल्शियम B). पोटैशियम C). निऑन D). सोडियम

Correct Answer: A

**Q.14** **कौन-सा कथन एक साधारण मशीन के यांत्रिक लाभ का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

Ans A). उठाए गए लोड और अनुप्रयुक्त आयास का अनुपात B). मशीन को आपूर्ति की गई ऊर्जा C). मशीन द्वारा किए गए कार्य की मात्रा D). मशीन द्वारा कार्य करने की दर

Correct Answer: A

**Q.15** **निम्नलिखित में से किस जीव के एक से अधिक पोषी स्तरों (trophic levels) पर होने की संभावना है?**

Ans A). बाघ B). खरगोश C). मोर D). हिरण

Correct Answer: C

**Q.16** **एक विद्यार्थी कांच के प्रिज्म का उपयोग करके श्वेत प्रकाश के परिक्षेपण को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रयोग की रूपरेखा तैयार करना चाहता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी कार्य-विधि सर्वाधिक उपयुक्त होगी?**

Ans A). एक संकीर्ण श्वेत प्रकाश किरणपुंज के पथ में एक त्रिभुजाकार कांच के प्रिज्म को रखें और श्वेत पर्दे पर निर्गत स्पेक्ट्रम का अवलोकन करें

B). एक श्वेत प्रकाश स्रोत के सामने कांच के प्रिज्म को यादृच्छिक दिशा में घुमाइए और किसी भी रंग में होने वाले परिवर्तनों को रिकॉर्ड करें

C). एक उत्तल लेंस से श्वेत प्रकाश को गुजारें और एक दूरस्थ दीवार पर रंग परिवर्तन देखें

D). श्वेत प्रकाश को दीवार पर परावर्तित कराने के लिए एक अवतल दर्पण का उपयोग करें

Correct Answer: A

**Q.17** **निम्नलिखित अभिक्रिया पर विचार कीजिए:**

$Na_2SO_4(aq) + BaCl_2(aq) \rightarrow BaSO_4(s) + 2NaCl(aq)$

**उपरोक्त अभिक्रिया की कौन-सी विशेषता इसे विशेष रूप से अवक्षेपण अभिक्रिया के रूप में वर्गीकृत करने को उचित ठहराती है?**

Ans A). अभिक्रियक (Reactants) प्रारंभ में जलीय विलयन के रूप में मौजूद होते हैं B). सोडियम क्लोराइड, जल में विलीन बना रहता है C). दो आयनिक यौगिक भागीदारों (partners) का विनिमय करते हैं D). विलयन में अघुलनशील बेरियम सल्फेट का निर्माण होता है

Correct Answer: D

**Q.18** **जंतु कोशिका में कौन-सी संरचना नियंत्रण केंद्र के रूप में कार्य करती है और उसमें आनुवंशिक पदार्थ होता है?**

Ans A). केंद्रक B). रसधानी C). अंतर्द्रव्यी जालिका D). राइबोसोम

Correct Answer: A

**Q.19** **निम्नलिखित में से कौन-सा, एकसमान वेग के लिए वेग-समय ग्राफ की प्रवणता का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?**

Ans A). प्रवणता धनात्मक और नियत होती है B). प्रवणता सभी बिंदुओं पर शून्य होती है C). प्रवणता ऋणात्मक और नियत होती है D). प्रवणता प्रत्येक बिंदु पर बदलती है

Correct Answer: B

**Q.20** **उत्तल दर्पण से बनने वाले प्रतिबिंब की प्रकृति के आधार पर, कौन-सी स्थिति इसके उपयोग को सबसे अच्छी तरह दर्शाती है?**

Ans A). एक वैज्ञानिक सूर्य के प्रकाश को केंद्रित करने के लिए इसका उपयोग करता है। B). एक मॉडल इसका उपयोग मेकअप दर्पण के रूप में करती है।
C). एक विद्यार्थी कागज़ पर वास्तविक, उल्टा प्रतिबिंब पाने के लिए इसका उपयोग करता है।
D). एक दुकानदार स्टोर के अंदर के बड़े हिस्से की निगरानी के लिए इसका उपयोग करता है।

**Correct Answer: D**

**Q.21** **धातु और अधातु के बीच किस प्रकार के आबंध का निर्माण होता है?**

Ans A). आयनिक आबंध B). सहसंयोजक आबंध C). धात्विक आबंध D). हाइड्रोजन आबंध

**Correct Answer: A**

**Q.22** **सादृश्य को पूर्ण कीजिए।**
**माइटोकॉन्ड्रिया: ऊर्जा विमोचन:: क्लोरोप्लास्ट: _____________**

Ans A). अपशिष्ट निष्कासन B). कोशिका पाचन C). खाद्य संश्लेषण D). आनुवंशिक अंतरण

**Correct Answer: C**

**Q.23** **पेट्रोल में ऐल्कोहॉल को मुख्य रूप से इसलिए मिलाया जाता है, क्योंकि यह एक ____ है।**

Ans A). स्वच्छ ईंधन योज्य B). भारी ईंधन योज्य C). सघन ईंधन योज्य D). प्रबल ईंधन योज्य

**Correct Answer: A**

**Q.24** **एक उत्तोलक को प्रचालित करते समय, निम्नलिखित में से कौन-सा भाग उस नियत बिंदु के रूप में कार्य करता है जिसके परितः उत्तोलक घूमता है?**

Ans A). भार (Load) B). आयास-भुजा (Effort arm) C). आलंब (Fulcrum) D). आयास (Effort)

**Correct Answer: C**

**Q.25** **किसी घरेलू परिपथ में सभी उपकरण समानांतर क्रम में क्यों जुड़े होते हैं?**

Ans A). प्रत्येक उपकरण को समान विभवान्तर प्राप्त होना सुनिश्चित करने के लिए B). घरेलू उपयोग में विद्युत की बचत करने के लिए
C). आवश्यक स्विचों की संख्या कम करने के लिए D). तारों में लघुपथन को रोकने के लिए

**Correct Answer: A**

**Q.26** **दो उम्मीदवारों के बीच हुए चुनाव में, पंजीकृत मतदाताओं में से 18% ने मतदान नहीं किया और डाले गए 750 वोट अवैध घोषित कर दिए गए। विजयी उम्मीदवार को वैध वोटों का 70% प्राप्त हुआ और उसने 4,620 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।**

Ans A). 16,700 B). 16,200 C). 15,000 D). 15,600

**Correct Answer: C**

**Q.27** $\frac{\cot A + \operatorname{cosec} A - 1}{\cot A - \operatorname{cosec} A + 1}$ **को सरलीकृत कीजिए।**

Ans A). $\frac{1 - \operatorname{cosec} A}{1 + \operatorname{cosec} A}$ B). $\frac{\cos A}{\sin A}$ C). $\frac{1 + \cos A}{\sin A}$ D). $\frac{1 - \cos A}{\sin A}$

**Correct Answer: C**

**Q.28** **एक समचतुर्भुज के विकर्णों की लंबाई क्रमशः 30 cm और 40 cm है। समचतुर्भुज का क्षेत्रफल और परिमाप ज्ञात कीजिए।**

Ans A). परिमाप = 130 cm, क्षेत्रफल = 700 cm² B). परिमाप = 100 cm, क्षेत्रफल = 500 cm² C). परिमाप = 100 cm, क्षेत्रफल = 600 cm²
D). परिमाप = 140 cm, क्षेत्रफल = 800 cm²

**Correct Answer: C**

**Q.29** **निम्नलिखित में से कौन-सा संख्या युग्म, सह-अभाज्य नहीं है?**

Ans A). (143, 286) B). (101, 107) C). (137, 221) D). (211, 337)

**Correct Answer: A**

**Q.30** **निम्नलिखित संख्याएँ उनके परिमाणों (magnitudes) के आरोही क्रम में दी गई हैं।**

**20, 22, 25, 30, x − 11, x − 8, x − 3, 52, 60 और 68 है। यदि आँकड़ों की माध्यिका 39 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।**

Ans A). 48.5 B). 43.5 C). 44.6 D). 46.7

**Correct Answer: A**

**Q.31** **₹1,500 की धनराशि पर 3% मासिक ब्याज दर से 3 महीने का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।**

Ans A). 31.25 B). 22.50 C). 135 D). 11.25

**Correct Answer: C**

Q.32 ऋषभ और नेहा ने मिलकर एक व्यवसाय शुरू किया। ऋषभ ने ₹21,000 और नेहा ने ₹35,000 का निवेश किया। दो साल के अंत में, उन्हें ₹10,000 का लाभ हुआ। कुल लाभ में नेहा का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹6,250 B). ₹6,520 C). ₹6,205 D). ₹6,025

Correct Answer: A

Q.33 यदि A:B:C का मान 3:5:6 है, तो $\frac{A}{B}:\frac{B}{C}:\frac{C}{A}$ का मान ________ के बराबर होगा।

Ans A). 12:25:55 B). 15:25:62 C). 12:34:65 D). 18:25:60

Correct Answer: D

Q.34 एक कार 52 km/hr की चाल से चलना शुरू करती है और प्रत्येक 30 मिनट में अपनी चाल में 7 km/hr की वृद्धि करती है। 3 घंटे के लिए कार की औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 70.2 B). 65.6 C). 60.8 D). 69.5

Correct Answer: D


Q.35 A का वह क्या मान होना चाहिए जिससे कि संख्या 391A6922, 11 से विभाज्य हो जाए?

Ans A). 6 B). 3 C). 7 D). 5

Correct Answer: B

Q.36 दिए गए ग्राफ का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

एक वर्ष में तीन कंपनियों द्वारा उत्पादित स्कूटरों की संख्या (1000 में)




कंपनी B के स्कूटरों के उत्पादन में 1992 से 1993 के बीच कितने प्रतिशत की कमी आई (एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित)?

Ans A). 19.2% B). 17.2% C). 16.7% D). 18.3%

Correct Answer: C

Q.37 7 cm त्रिज्या वाली एक बेलनाकार टंकी में 20 cm की ऊंचाई तक पानी भरा है। इस पानी को 14 cm त्रिज्या वाली दूसरी बेलनाकार टंकी में डाला जाता है। दूसरी टंकी में पानी की ऊंचाई कितनी है?

Ans A). 7 cm B). 5 cm C). 8 cm D). 6 cm

Correct Answer: B

Q.38 चार दुकानों I, II, III और IV में एक कुकर का अंकित मूल्य एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर, दुकान I, 12% और 37% की दो क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान II, 54% और 63% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान III, 28% और 83% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है और दुकान IV, 19%, 59% और 25% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है। निम्नलिखित में से कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम कीमत पर बेच रही है?

Ans A). III B). I C). II D). IV

Correct Answer: A

Q.39 यदि $3^{(n+1)} = 27 \times 9^{n}$ है, तो n का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 6 B). 2 C). 4 D). -2

Correct Answer: D

Q.40 A की आयु, B की आयु के दोगुने से 5 वर्ष अधिक है। यदि B की आयु 8 वर्ष है, तो A की आयु क्या है?

Ans A). 21 वर्ष B). 19 वर्ष C). 16 वर्ष D). 18 वर्ष

Correct Answer: A

Q.41 यदि निम्नलिखित बंटन का माध्य 53 है, तो (7x + 4y) का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 0-20 | 20-40 | 40-60 | 60-80 | 80-100 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 2 | 10 | x | 4 | y | 40 |

Ans A). 124 B). 154 C). 144 D). 133

Correct Answer: C

Q.42 दो त्रिभुज $\Delta DEF$ और $\Delta XYZ$ इस प्रकार हैं कि $\Delta XYZ \cong \Delta FDE$ है। यदि $XY = 23$ cm, $\angle Y = 68^\circ$ और $\angle X = 43^\circ$ है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?

Ans A). $DF = 23$ cm, $\angle D = 69^\circ$ B). $DE = 23$ cm, $\angle E = 69^\circ$ C). $DE = 23$ cm, $\angle D = 69^\circ$ D). $DF = 23$ cm, $\angle E = 69^\circ$

Correct Answer: D

Q.43 अरविंद की आय में पहले 19% की वृद्धि हुई और बाद में 10% की और वृद्धि हुई। कुल प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

Ans A). 30.9% B). 30% C). 29% D). 28.2%

Correct Answer: A

Q.44 यदि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित किया जाता है, तो किस वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर कोई धनराशि 2 वर्ष में स्वयं की 57 गुनी हो जाएगी? (अपने उत्तर को निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans A). 660% B). 662% C). 655% D). 653%

Correct Answer: C

Q.45 ₹20/kg वाले चावल को ₹30/kg वाले चावल के साथ किस अनुपात में मिलाया जाए कि औसत कीमत ₹25/kg हो जाए?

Ans A). 1 : 1 B). 5 : 3 C). 3 : 2 D). 2 : 3

Correct Answer: A

Q.46 वरुण 2 दिनों में लकड़ी की एक मेज बना सकता है और आशीष उसी मेज को 4 दिनों में बना सकता है। यदि वे मिलकर कार्य करते हैं, तो वे उसी प्रकार की 123 मेजें कितने दिनों में बना पाएंगे?

Ans A). 164 B). 166 C). 160 D). 168

Correct Answer: A

Q.47 किसी विक्रेता ने एक रुपये में 28 नींबू खरीदे। 40% का लाभ अर्जित करने के लिए उसे एक रुपये में कितने नींबू बेचने होंगे?

Ans A). 22 B). 24 C). 20 D). 21

Correct Answer: C

Q.48 S1, S2 और S3 एक नदी पर सीधी रेखा में स्थित तीन दुकानें हैं। नदी S1 से S3 की ओर एक नियत चाल से बहती है। S2, S1 और S3 के बीच समदूरस्थ है। सीरत एक सामान खरीदने के लिए अपनी नाव से 12.5 घंटे में S1 से S2 तक जाता है और वापस आ जाता है, और वह दुकान S1 से S3 तक 9.5 घंटे में नाव चलाकर पहुंच सकता है। स्थिर जल में उसकी नाव की चाल और नदी की चाल की तुलना कीजिए।

Ans A). 8:3 B). 25 : 6 C). 8:1 D). 25 : 8

Correct Answer: B

Q.49 यदि $\sec\alpha + \tan\alpha = 9$ है, तो $\tan\alpha$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\frac{9}{40}$ B). $\frac{40}{9}$ C). $\frac{80}{81}$ D). $\frac{81}{80}$

Correct Answer: B

Q.50 सुधा का व्यय उसकी बचत से 150% अधिक है। यदि उसका व्यय 12% कम हो जाता है और बचत 37% बढ़ जाती है, तो उसकी आय कितने प्रतिशत बढ़ जाती है?

Ans A). 5% B). 7% C). 2% D). 3%

Correct Answer: C

Q.51 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : QMG :: XKR : %

Ans A). # = ONF, % = ZJS B). # = ONH, % = ZHQ C). # = SNF, % = UJS D). # = SOF, % = UMP

Correct Answer: A

Q.52 संख्या 8231954 में, प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans A). 11 B). 9 C). 12 D). 10

Correct Answer: D

Q.53 जिया अपनी कक्षा में नीचे से 22वें और शीर्ष से 27वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans A). 45 B). 48 C). 47 D). 46

Correct Answer: B

Q.54 संख्याओं के दो सेट नीचे दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक सेट में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके तीसरी संख्या प्राप्त की जाती है, और इसी प्रकार आगे की संख्याएं प्राप्त की जाती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प दिए गए सेटों के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

4 - 14 - 28 - 42;
2 - 12 - 24 - 36

Ans A). 7 - 17 - 34 - 51 B). 6 - 36 - 72 - 82 C). 5 - 25 - 50 - 75 D). 3 - 13 - 26 -52

Correct Answer: A

Q.55 एक प्रश्न के बाद दो कथन, (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही उत्तर का चयन करें।

**Q.** पांच मित्र R, S, T, U, और V एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। R के ठीक दाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?
**(I)** S, R के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है, और T, U के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
**(II)** T और V दोनों का निकटतम पड़ोसी U है।

Ans A). कथन I और कथन II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
B). अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
C). अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
D). कथन I और कथन II दोनों मिलकर (और न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

Correct Answer: D

Q.56 यदि 'R' का अर्थ '÷' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

48 R 4 S 7 = ?

Ans A). 20 B). 21 C). 18 D). 19

Correct Answer: D

Q.57 दिए गए श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

33, 37, 45, 57, 73 ?

Ans A). 93 B). 95 C). 94 D). 92

Correct Answer: A

Q.58 एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको तय करना है कि कथन में दिए गए आँकड़ें प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

**Q.** अरी, बिट्टू, सेमा, दानी और एटा एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। दानी के ठीक दाएँ पड़ोस में कौन बैठा है?
**(I)** दानी, सेमा के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। एटा, दानी के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है।
**(II)** एटा, सेमा के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। दानी, सेमा के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है।

Ans A). संयुक्त रूप से कथन I और II दोनों में दिए गए आँकड़ें प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त **नहीं** हैं।
B).
कथन I में दिए गए आँकड़ें अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दिए गए आँकड़ें अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
C).
संयुक्त रूप से कथन I और II दोनों (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) में दिए गए आँकड़ें प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
D).
कथन II में दिए गए आँकड़ें अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दिए गए आँकड़ें अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

Correct Answer: A

Q.59 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

APE CAR FAR RED

यदि प्रत्येक शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूह में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans A). तीन B). एक भी नहीं C). एक D). दो

Correct Answer: A

**Q.60** A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
F, A के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। D, E के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। E, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। B, C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
यदि सभी व्यक्तियों को A से शुरू करते हुए दक्षिणावर्त दिशा में वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने व्यक्तियों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

**Ans** A). दो B). चार C). तीन D). एक

**Correct Answer: B**

**Q.61** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 71 का संबंध 427 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 85 का संबंध 511 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 93 का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 559 B). 597 C). 542 D). 580

**Correct Answer: A**

**Q.62** V, M की पत्नी है। M, L का पिता है। P, G का भाई है। L, P की बहन है। V का G से क्या संबंध है?

**Ans** A). पुत्री B). बहन C). माता D). पत्नी

**Correct Answer: C**

**Q.63** एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) से क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

प्रश्न: A, B, C, D और E ने अलग-अलग अंक प्राप्त किए। इनमें से, दूसरा सबसे अधिक अंक किसने प्राप्त किया?
कथन:
(I) D ने B, C और A से अधिक अंक प्राप्त किए, लेकिन E से कम अंक प्राप्त किए।
(II) C ने A और B से अधिक अंक प्राप्त किए।

**Ans** A). कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
B). कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।
C). कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।
D). कथन I और II दोनों एक साथ (न तो अकेले कथन I और न ही अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

**Correct Answer: B**

**Q.64** वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

**Ans** A). OML B). IGF C). XVT D). MKJ

**Correct Answer: C**

**Q.65** शब्द VARLETS के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार बने सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में दाईं ओर से चौथा अक्षर निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?

**Ans** A). M B). U C). S D). T

**Correct Answer: C**

**Q.66** P, Q, R, S, T और U एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।
U सबसे ऊपर वाले तल पर रहता है। U और Q के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। P, Q के नीचे किसी तल पर रहता है। S किसी सम-क्रमांक वाले तल पर रहता है। R किसी विषम-क्रमांक वाले तल पर रहता है लेकिन तल-क्रमांक 5 पर नहीं रहता है।
T और Q के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

**Ans** A). एक B). दो C). तीन D). चार

**Correct Answer: B**

**Q.67** सात डिब्बे I, J, K, Q, R, S और T एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन यह जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। K के ऊपर केवल चार डिब्बे रखे गए हैं। Q के ऊपर केवल एक डिब्बा रखा गया है। Q और I के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। R को J के ठीक ऊपर रखा गया है। S को T के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। T और J के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

**Ans** A). पांच B). तीन C). दो D). चार

**Correct Answer: A**

Q.68 नीचे दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 9 7 6 2 5 4 8 3 6 4 2 5 8 3 1 5 2 6 9 8 6 4 9 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद में भी एक सम अंक है?

Ans A). तीन B). दो C). एक D). एक भी नहीं

Correct Answer: B

Q.69 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

IWD : LYE
RAU : UCV

Ans A). JTA : MVA B). GOX : JQZ C). LES : OGT D). HYR : KAL

Correct Answer: C

Q.70 निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 6 N % 4 & H 7 @ 3 S 6 # G F ! 5 R 3 * D $ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद एक संख्या है?

Ans A). एक भी नहीं B). तीन C). एक D). दो

Correct Answer: D

Q.71 एक निश्चित कूट भाषा में,

'A + B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
'A @ B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
'A # B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'Q + W ÷ R @ G # H' है, तो Q का H से क्या संबंध है?

Ans A). पत्नी का भाई B). पत्नी का पिता C). पिता D). भाई

Correct Answer: A

Q.72 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

ZED OWL LAG JAM

दाएँ से तीसरे शब्द के तीसरे अक्षर और बाएँ से पहले शब्द के पहले अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). 12 B). 16 C). 14 D). 13

Correct Answer: D

Q.73 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) M $ D = < B U % G P + K & V # L T N @ F £ * N (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद एक अक्षर है?

Ans A). दो B). एक भी नहीं C). तीन D). एक

Correct Answer: A

Q.74 श्री तोसी बिंदु A से प्रारंभ करके 17 km दक्षिण की ओर ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते है, 25 km ड्राइव करते है, दाएं मुड़ते है तथा 24 km ड्राइव करते है। फिर वह दाएं मुड़ते है तथा 29 km ड्राइव करते हैं। वह अंतिम बार दाएं मुड़कर, 7 km ड्राइव करते हैं तथा बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) तथा किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans A). 6 km दक्षिण में B). 4 km उत्तर में C). 5 km पूर्व में D). 4 km पश्चिम में

Correct Answer: D

Q.75 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से JUVM का संबंध YJKB से है। उसी प्रकार, RCDU का संबंध GRSJ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, KVWN का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans A). ZCLO B). ZLKI C). ZKLO D). ZKLC

Correct Answer: D

Q.76 सात विद्यार्थी, I, J, K, P, Q, R और Z, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। R के दाईं ओर केवल I बैठा है। Z के बाईं ओर केवल तीन लोग बैठे हैं। R और K के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। P, J के बाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन Q के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। Q और J के बीच कितने लोग बैठे हैं?

Ans A). तीन B). चार C). एक D). दो

Correct Answer: A

Q.77 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?

AHYK XDCP UZGU RVKZ ?

Ans A). PSPD B). OROE C). OSOD D). PRPE

Correct Answer: B

Q.78 शब्द DISPLACE के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार प्राप्त सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में दाईं ओर से चौथा अक्षर निम्नलिखित में से कौन सा होगा?

Ans A). E B). J C). M D). F

Correct Answer: B

Q.79 यदि 'P' का अर्थ '+' है, 'R' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '–' है और 'S' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

17 P 7 Q 5 S 5 R 16 = ?

Ans A). 8 B). 9 C). 10 D). 16

Correct Answer: A

Q.80 वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans A). PRU B). HJL C). DFI D). KMP

Correct Answer: B

Q.81 जनवरी 2026 में किस बैडमिंटन खिलाड़ी ने चीन की वांग झीयी (Wang Zhiyi) को सीधे गेम्स (straight games) में हरा कर लगातार तीसरी बार चैंपियनशिप सुरक्षित करते हुए कुआलालंपुर में आयोजित 2026 मलेशिया ओपन महिला एकल खिताब जीता?

Ans A). चेन युफेई (Chen Yufei) B). ताई जु-यिंग (Tai Tzu-ying) C). एन से-यंग (An Se-young) D). अकाने यामागुची (Akane Yamaguchi)

Correct Answer: C

Q.82 सुधा मूर्ति द्वारा अप्रैल 2026 में किस पुस्तक का विमोचन किया गया था, जिसमें संविधान सदन में भित्तिक पैनलों (mural panels) के माध्यम से भारतीय संसदीय इतिहास को उजागर किया गया है?

Ans A). टाईड्स ऑफ़ हिस्ट्री: म्यूरल्स ऑफ़ एंशिएंट इंडियन पार्लियामेंट्री आर्ट (Tides of History: Murals of Ancient Indian Parliamentary Art)

B). इकोज़ फ्रॉम द पास्ट: म्यूरल्स ऑफ़ द इंडियन पार्लियामेंट (Echoes from the Past: Murals of the Indian Parliament)

C). इकोज़ ऑफ़ एंटीक्विटी: भारत्स पार्लियामेंट्री म्यूरल जर्नीज़ (Echoes of Antiquity: Bharat's Parliamentary Mural Journeys)

D). टाइड्स ऑफ़ टाइम: भारत'स हिस्ट्री थ्रू मुरल्स इन पार्लियामेंट (Tides of Time: Bharat's History through Murals in Parliament)

Correct Answer: D

Q.83 मार्च 2026 में अनुमोदित भारत के अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) के अनुसार, वर्ष 2035 तक स्थापित विद्युत शक्ति क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा संसाधनों का लक्ष्य शेयर कितना है?

Ans A). 47% B). 40% C). 50% D). 60%

Correct Answer: D

Q.84 निम्नलिखित में से किसने, मई 2026 में भारत के तमिलनाडु राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली?

Ans A). के. अन्नामलाई B). एम. के. अलागिरी C). सी. जोसेफ विजय D). एडप्पडी के. पलानीस्वामी

Correct Answer: C

Q.85 पहली इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (IBCA) शिखर सम्मेलन 2026 के पूर्व-शिखर सम्मेलन "लायन स्पीशीज स्पॉटलाइट इवेंट" के भाग के रूप में, एशियाई शेरों की दुनिया की एकमात्र जंगली आबादी के संरक्षण को प्रदर्शित करने के लिए गुजरात में किस संरक्षित क्षेत्र का चयन किया गया था?

Ans A). वेलावदार राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य B). समुद्री राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य C). वंसदा राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य

D). गिर राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य

Correct Answer: D

**Q.86** **अप्रैल 2026 में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए दर्ज की गई समग्र राष्ट्रीय श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) कितनी थी?**

Ans A). 47.5%  B). 50.1%  C). 55.0%  D). 65.4%

Correct Answer: C

**Q.87** **वर्ष 2026 में, नागर विमानन महानिदेशालय के नए प्रमुख के रूप में किस वरिष्ठ IAS अधिकारी को नियुक्त किया गया?**

Ans A). शशि शेखर वेम्पति  B). वीर विक्रम यादव  C). संजय कुमार  D). अशोक लाहिड़ी

Correct Answer: B

**Q.88** **संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने अप्रैल 2026 में, किस अंतरराष्ट्रीय तेल उत्पादक संगठन से हटने की घोषणा की, जिससे 1967 से चली आ रही उसकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी?**

Ans A). इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (IEA)  B). वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइज़ेशन (WTO)  C). इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी (IRENA)  D). ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ़ द पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज़ (OPEC)

Correct Answer: D

**Q.89** **फरवरी 2026 में, भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने प्रतिस्पर्धा में लौटने के बाद तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े। उन्होंने महिलाओं के किस भार वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की?**

Ans A). 54 Kg  B). 72 Kg  C). 68 Kg  D). 48 kg

Correct Answer: D

**Q.90** **मार्च 2026 में किस स्वदेशी तोपखाना प्रणाली को DAC की स्वीकृति प्राप्त हुई, जो उन्नत घातकता के साथ अधिक दूरी पर लक्ष्यों को भेदने की भारतीय सेना की क्षमता को बढ़ाएगी?**

Ans A). T-90 गन प्रणाली  B). पिनाका Mk-II प्रणाली  C). M-777 हॉवित्जर  D). धनुष गन प्रणाली

Correct Answer: D

**Q.91** **भारतीय रिजर्व बैंक के सुधारों के अनुसार, 1 अक्टूबर, 2025 से सोने को कच्चे माल के रूप में उपयोग करके कार्यशील पूंजी ऋण प्राप्त करने के लिए कौन पात्र हो गए?**

Ans A). विनिर्माता  B). केवल जौहरी  C). सभी बैंक  D). विदेशी निवेशक

Correct Answer: A

**Q.92** **किस देश ने 2026 मेन्स सिक्स नेशंस रग्बी यूनियन चैंपियनशिप जीती, और लगातार दूसरा खिताब हासिल किया?**

Ans A). फ्रांस  B). इटली  C). इंग्लैंड  D). स्कॉटलैंड

Correct Answer: A

**Q.93** **आयुष उत्पादों और औषधीय मसालों के वैश्विक प्रचार को सशक्त करने के लिए मई 2026 में, किस संगठन ने भारतीय मसाला बोर्ड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?**

Ans A). आयुर्वेदिक और यूनानी स्वास्थ्य सेवा निर्यात परिषद  B). कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण  C). भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ  D). AYUSHEXCIL (आयुष निर्यात संवर्धन परिषद)

Correct Answer: D

**Q.94** **इंडिया-AI इम्पैक्ट समिट 2026 का आयोजन 16-20 फरवरी 2026 तक किस शहर में किया गया था?**

Ans A). बेंगलुरु  B). हैदराबाद  C). नई दिल्ली  D). मुंबई

Correct Answer: C

**Q.95** **किस राज्य सरकार ने अपने 2026-27 के बजट में जैन, बौद्ध और सिख समुदायों के व्यापक विकास के लिए धन आवंटित किया, जिसमें बौद्ध धम्मचारियों के लिए मासिक मानदेय भी शामिल है?**

Ans A). कर्नाटक  B). तेलंगाना  C). तमिलनाडु  D). महाराष्ट्र

Correct Answer: A

**Q.96** **अप्रैल 2026 में, इंडियन एथलेटिक्स सीरीज 1 में पुरुषों की लंबी कूद में किस भारतीय एथलीट ने स्वर्ण पदक जीता था?**

Ans A). जेसविन एल्ड्रिन  B). मोहम्मद अनीस याहिया  C). नीरज चोपड़ा  D). मुरली श्रीशंकर

Correct Answer: D

**Q.97** **अगस्त 2025 में, निम्नलिखित में से किस संगठन ने एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली (IADWS) का पहला सफल उड़ान-परीक्षण किया था?**

Ans A). भारत डायनामिक्स लिमिटेड  B). रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन  C). भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड  D). भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन

Correct Answer: B

**Q.98** **निम्नलिखित में से किस व्यक्ति ने फरवरी 2026 में डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में 'अटल बिहारी वाजपेयी: द इटरनल स्टेट्समैन (Atal Bihari Vajpayee: The Eternal Statesman)' नामक कॉफी टेबल पुस्तक का विमोचन किया?**

Ans A). सी. पी. राधाकृष्णन  B). हरिभाऊ किसनराव बागडे  C). आरिफ मोहम्मद खान  D). प्रो. असीम कुमार घोष

Correct Answer: A

**Q.99** **2026 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन से "एग्रीकोला मेडल (Agricola Medal)" प्राप्त हुआ?**

**Ans** A). अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) B). UNESCO C). विश्व बैंक D). खाद्य और कृषि संगठन (FAO)

**Correct Answer: D**

**Q.100** **'इंडिया AI इम्पैक्ट समिट 2026' में उत्तरदायी स्वास्थ्य AI पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए SAHI और BODH पहलों का शुभारंभ किसने किया?**

**Ans** A). नितिन गडकरी B). जगत प्रकाश नड्डा C). निर्मला सीतारमण D). धर्मेंद्र प्रधान

**Correct Answer: B**

"